दैनिक न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक सेहत-विज्ञान-फीचर
रायगढ़, मंगलवार 11 दिसम्बर 2018
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### राजधानी के महादेव घाट में दो युवकों को मारी गोली, दोनों गंभीर

**मामला-पुरानी रंजिश का बताया जा रहा**
**वारदात के बाद आरोपी फरार**

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के महादेव घाट में रविवार की देर शाम को एक आरोपी युवक ने दो युवकों को गोली मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज जारी है। वारदात के बाद आरोपी फरार है। मामला पुरानी रंजिश का बताया जा रहा है।

### घर से बुलाकर नक्सलियों ने की ग्रामीण की गला रेतकर हत्या

कांकेर (आरएनएस)। नक्सलियो ने बीती रात को महाराष्ट्र के कुड़खेड़ा के एक ग्रामीण की गला रेत कर हत्या कर दी। बीती




रात 10 से 12 वर्दी धारी नक्सलियों ने ग्रामीण को घर से बुलाया और गला रेत कर हत्या कर दी और शव को खोब्रामेंढा के रास्ते पर फैंक दिया। सुबह ग्रामीणों ने शव को देखा और इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। नक्सलियों ने यह हत्या क्यूं की? इसका कारण अभी सामने नहीं आया है। जिसकी जांच में पुलिस जुटी है। ग्रामीण का नाम अंतराम पूढ़ो बताया जा रहा है। यह ग्रामीण शाला व्यवस्थापन समिति के अध्यक्ष और तेंदूपत्ता के दीवान जी का काम करता था। बीती रात को 10 से 12 वर्दी धारी नक्सली आया और उनको घर से बुलाकर ले गया ,जिसके बाद इन की गला रेत कर हत्या कर दी और शव को खोब्रामेंढा के रास्ते पर फैंक दिया। नक्सली जब भी इस तरह की घटना को अंजाम देते हैं। शव के पास पर्चा फेंकते हैं, पर शव के पास कुछ नहीं था। जिसकी जांच में पुलिस जुटी है।

### ज्वेलर्स संचालक हुआ उठाईगिरी का शिकार

महासमुंद (आरएनएस)। रविवार सुबह सरायपाली के पदमपुररोड में एक ज्वेलर्स संचालक उठाईगिरी का शिकार हो गया। प्रार्थी ज्वेलर्स संचालक की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। सरायपाली के बस्तीपारा निवासी गंगाधर पुष्टि पिता श्यामवधु पुष्टि (48) ने पुलिस को बताया है कि प्रतिदिन की भांति वह सुबह 9 बजे घर से दुकान खोलने के लिए काले रंग के बैग में नगदी 5 हजार रूपये और चांदी के 300 ग्राम और 15 ग्राम सोने के गहने लेकर दुकान पहुंचा था। दुकान का शटर खोलने के लिए उसने बैग को अपनी दुपहिया के हेंडल में लटकाया था और शटर उठाने के लिए चला गया। और जैसे ही बैग को बाइक से निकालने के लिए पहुंचा तो बाइक से बैग गायब था। पीड़ित ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

### हर गड़बड़ी का करेंगे डटकर मुकाबला : पीएल पुनिया

**कांग्रेस को मिलेगा स्पष्ट बहुमत, बनेगी सरकार**



रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव में राज्य की सत्तासीन भाजपा को कड़ी टक्कर देने के बाद प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने मतगणना पर नजर रखने कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में एक कंट्रोल रूम बनाया है, जहां से प्रदेश की हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। जहां भी गड़बड़ी नजर आएगी, कांग्रेस पूरे ताकत से इसका मुकाबला करेगी।

### जीप खाई में गिरने से चालक की मौत

पिथौरागढ़ (आरएनएस)। सातसिलिंग नाघर मोटर मार्ग पर धारिगाड के पास एक जीप खाई में गिर गई। हादसे में चालक की मौत हो गई। पुलिस को घटना की जानकारी करीब 12 घंटे बाद लगी। दरअसल, शनिवार देर शाम एक कमांडर जीप पिथौरागढ़ से नाघर जा रही थी। सातसिलिंग से आगे धारीगाड के पास जीप अचानक अनियंत्रित होकर 50 मीटर गहरी खाई में गिर गई। जीप में सवार चालक विनय चंद( 30 वर्ष) पुत्र नैन चंद निवासी विपुल पिथौरागढ़ की मौत हो गई। घटना का किसी को पता नहीं चल पाया। वहीं, रविवार सुबह जब ग्रामीण खेतो में गए तो वहां पर वाहन खाई में नजर आया। ग्रामीणों की सूचना पर राजस्व पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि वाहन के पास चालक का शव पड़ा हुआ था। राजस्व पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### विश्व की सबसे छोटी महिला से मिले लोग

रुडकी (आरएनएस)। विश्व की सबसे छोटी महिला ज्योति आमगे से मिलने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। रुड़की में रविवार को एक शोरूम के उद्घाटन करने नागपुर से ज्योति आमगे विशेष मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची थी। ज्योति विश्व की सबसे छोटी महिला है और उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। 24 वर्षीय ज्योति की लम्बाई महज 2 फिट छह इंच है। उनसे मिलने के लिए काफी लोग मौके पर पहुंचे और उनके साथ सेल्फी ली। इस दौरान ज्योति ने कहा कि वह हॉलीवुड की एक फिल्म में काम कर रही है। वह बचपन में उत्तराखंड आई थी। लेकिन तब की यादें उनके जेहन में ज्यादा नहीं हैं। कहा कि लंबे समय बाद वह उत्तराखंड आई। उत्तराखंड बेहद खूबसूरत जगह है।

# प्रतिबंध के बावजूद प्रदेशभर में जगह-जगह कल पटाखे फोड़े जा सकते है?

**शादी, जन्मदिन सहित कई कार्यक्रम में हर रोज राजधानी में फोड़े जा रहे पटाखे, प्रतिबंध का आदेश कागजों में सिमटा**

रायपुर (आरएनएस)। ठंड के दिनों में प्रदूषण को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में एक दिसंबर से 31 जनवरी तक पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध तो लगा दिया गया है लेकिन यह आदेश सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गया है। क्योंकि इस आदेश के बावजूद हर रोज राजधानी रायपुर में कहीं ना कहीं कार्यक्रम व समारोह में पटाखें फोड़े जा रहे है। यहीं नहीं कल 11 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के परिणाम आने वाले है और हमेशा देखा गया है कि विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों द्वारा जीत की खुशियां पटाखे फोड़कर मनाते है। चूंकि कल प्रदेश के 90 ऐसे प्रत्याशी होंगे जो जीतकर विधायक बनेंगे और उन प्रत्याशियों के विधायक बनने के साथ उनके विधानसभा क्षेत्रो में उनके समर्थकों द्वारा इसकी जमकर खुशियां मनाई जाएगी। यानी कल प्रदेशभर में पटाखें भी फोड़े जा सकते है। ऐसी स्थिति में इसे रोकने के लिए विभाग द्वारा अब तक कोई तैयारी नहीं की है।



जानकारी के अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा जारी अधिसूचनानुसार वायू राज्य में प्रदूषण रोकने के लिए 1 दिसंबर से 31 जनवरी तक पटाखे फोड़ना प्रतिबंधित है। इस अधिसूचना जारी होने के बाद भी राजधानी में लगातार कहीं ना कहीं कार्यक्रम समारोह में पटाखें फोड़े जा रहे है। लेकिन इसके बावजूद पटाखे फोड़ने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पटाखे फोड़ने पर लगा प्रतिबंध का उल्लंघन कल 11 तारीख को विधानसभा चुनाव के परिणाम के दिन पूरे प्रदेश में हो सकते है। जैसे-जैसे परिणाम आएंगे वैसे-वैसे विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों द्वारा जगह-जगह पटाखे फोड़कर इसकी खुशियां मना सकते है। इसे रोकने के लिए विभाग द्वारा अब तक कोई तैयारी नहीं की है। देखा जाए तो विभाग ने भले ही पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध का फरमान जारी कर दिया है लेकिन यह फरमान सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गया है क्योंकि इस फरमान का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विभाग ना तो कार्रवाई कर रहा है और ना ही पटाखे फोड़ने हेतु रोकने के लिए कोई तैयारी की है।

### प्रदेश के छह बड़े औद्योगिक शहरों में 31 जनवरी तक पटाखों पर प्रतिबंध

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन के पर्यावरण विभाग की अधिसूचना के अनुसार राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के छह बड़े शहरों में पटाखों पर प्रतिबंध पिछले साल की तरह इस वर्ष भी एक दिसम्बर से 31 जनवरी 2019 तक अर्थात दो महीने तक जारी रहेगा। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियो ने आज यहां बताया कि पर्यावरण विभाग ने पिछले वर्ष यहां मंत्रालय (महानदी भवन) से अधिसूचना जारी कर यह प्रतिबंध लगाया था। उन्होंने बताया कि वायु प्रदूषण (निवारण और नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 19 (5) के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह कदम उठाया है।

उन्होंने बताया कि ठण्ड के मौसम में इन प्रमुख औद्योगिक शहरों में वायु प्रदूषण को कम करने, नियंत्रित रखने और पर्यावरण को स्वच्छ तथा स्वास्थ्य वर्धक बनाए रखने के लिए पटाखों पर यह प्रतिबंध लगाया गया है। राजधानी रायपुर के अलावा जिन बड़े शहरों में यह पाबंदी लगाई गई है, उनमें बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग, रायगढ़ और कोरबा भी शामिल हैं।

## मतगणना के पहले प्रत्याशियों के धड़कनें हुई तेज

बिलासपुर (आरएनएस)। विधान सभा चुनाव के लिए 20 नवम्बर को मतदान



हुआ 20 दिन के बाद याने 11 दिसम्बर को इसकी गणना की जाएगी। प्रत्याशियों के धड़कनें तेज हो गई है। बड़ी एजेंसियों के द्वारा सर्वे कर एग्जिट पोल बता दिया गया है। लेकिन सभी के दावे अलग-अलग हैं। इस बार प्रदेश में त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार नजर आ रहे हैं। भाजपा कांग्रेस के बीच जकांछ व बसपा के गठबंधन की पार्टी भी कई जगहों पर मजबूत है। सभी अपने अपने जीत के दावे कर रहे हैं। लेकिन कौन कितने पानी में है, यह 11 दिसम्बर को पता चल जाएगा।


मरवाही विधानसभाः जो जीता वहीं सिकंदर

मरवाही विधानसभा पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी का गढ़ है। यहां से इस बार वे खुद ही चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस से गुलाब सिंह तो भाजपा से अर्चना पोर्ते किस्मत आजमा रहीं हैं। प्रदेश की यह पहली विधानसभा सीट है, जहां की जनता पार्टी के बजाय व्यक्ति पर भरोसा करती रही है।

## सप्ताह भर में पौन लाख की फसल चट कर गए हाथी, सिरपुर में दहशत जारी

महासमुंद (आरएनएस)। पिछले एक सप्ताह में सिरपुर क्षेत्र के आधे दर्जन गांवों में 15 हाथियों के साथ 3 हाथियों का समूह लगातार दहशत मचा रहा है। अब तक हाथियों ने इस क्षेत्र के करीब आधा दर्जन किसानों की पौन लाख की फसलों को क्षति पहुंचाई है। हाथियों से फसलों को बचाने की किसानों की सभी मुहिम फेल हो चुकी है इससे किसान त्रस्त हैं।

**2 समूहों में घूम रहे 18 हाथियों का झुंड**



रविवार को 2 समूहों में घूम रहे 18 हाथियों के झुंड ने पीढ़ी के राधे यादव एवं नारायण यादव के खलिहान में मिंजाई के लिए रखी फसल को चट कर दिया वहीं लहंगर में सालिकराम ध्रुव और रामनारायण प्रजापति के फसल को भी चट कर गए। हाथियों की आमद की जानकारी मिलने के बाद किसान उन्हें खदेड़ने में तो कामयाब हो गए लेकिन फसल नहीं बचा पाए। जानकारी के मुताबिक सालिकराम ध्रुव और रामनारायण प्रजापति के 5-5 चिंटल कीमत साढ़े 20 हजार रुपए को नुकसान पहुंचाया है इसके पूर्व हाथियों ने 6 दिसंबर को खड़सा में पंचराम ध्रुव के खलिहान में घुसकर करीब 10 एकड़ की फसल को नुकसान पहुंचाया था जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपए से अधिक बताई गई थी। जिसके बाद हाथियों के झुंड ने शनिवार को परसाडीह के खलिहान में घुसकर वहां पर मिंजाई के लिए रखे फसल को चट कर दिया था जिसकी कीमत भी करीब 20 हजार रुपए से अधिक बताई गई है।

### नकली नोट के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। नया रायपुर यूनियन बैंक ऑफ इंण्डिया में रुपये जमा करने गये युवक के पास से 40 हजार नकली पाए जाने पर बैक प्रबंधन ने पुलिस को दिया। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार यूनियन बैंक ऑफ इंण्डिया में 40 हजार रुपये जमा करते समय बैंक कैशियर ने नोट की जांच के दौरान सभी नोट नकली पाए जाने पर इसकी जानकारी राखी थाने में दी। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर नकली नोट बरामद कर लिया है।

### डीजल टैंकर ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

रायपुर। शहर के टिकरापारा थाना क्षेत्र में संतोषी नगर ओवरब्रिज के पास आज एक तेज रफ्तार डीजल टैंकर वाहन ने एक बाइक सवार युवक को रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक छोटेलाल पांडे 45 वर्ष संतोषीनगर का रहने वाला था और राजकुमार कॉलेज के पास स्थित पेट्रोल पम्प में काम करता था।

## मेरिल लाइफ साइंसेज ने मेक इन इंडिया पहल के तहत पहला स्वदेशी कृत्रिम एरोटिक वाल्व किया लांच

नई दिल्ली। ऐसे मरीजों के लिए जिन्हें उच्च जोखिम है और वे ओपन हार्ट वाल्ट रिप्लेसमेंट सर्जरी नहीं कराना चाहते, वैश्विक मेडिकल डिवाइस निर्माता मेरिल



लाइफ साइंसेज ने मेक इन इंडिया पहल के तहत शनिवार को पहला स्वदेशी कृत्रिम एरोटिक वाल्व लांच किया। ट्रांसकैथेटर एओर्टिक हार्ट वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) को 'मायवल' ब्रांड नाम से बेचा जाएगा। इसे लगाने के लिए किसी जटिल सर्जरी की जरूरत नहीं होगी और डॉक्टर मरीज के फेमोरल आर्टरी (ग्रोइन क्षेत्र की बड़ी धमनी, जो पेट और जांघ के बीच होता है) के माध्यम से एक कैथेटर डालकर कृत्रिम हृदय वाल्व को लगा सकेंगे। यह वाल्व को बदलने के लिए ओपन हार्ट सर्जरी जैसी पारंपरिक प्रक्रिया की जगह पर इस्तेमाल की जा सकनेवाला पारंपरिक तरीका है।मेरिल लाइफ साइंसेज के उपाध्यक्ष (कार्पोरेट रणनीति) संजीव भट्ट ने कहा, मेरिल दुनिया की पहली कंपनी है, जो इस थेरेपी को वाणिज्यिक रूप से देश में उपलब्ध करा रही है। इस प्रौद्योगिकी के वाणिज्यीकरण से मेरिल जल्द ही देश और दुनिया के हजारों मरीजों को अगली पीढ़ी की कनेक्टिविटी मुहैया करा सकेगी।

# फल की मात्रा सही समय में लेने से डायबिटीज को पहुंचायेगी फायदा


डायबिटीज होने के बाद लोग चीनी खाना तो छोड़ते ही हैं, साथ ही फल लेना भी बंद कर देते हैं। इससे उनके शरीर में ऊर्जा की कमी हो जाती है। आहार विशेषज्ञों का कहना है कि डायबिटीज रोगी फल जरूर खाएं, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। फल की सही मात्रा उन्हें फायदा पहुंचाएगी। फ्रक्टोज शहद, फल, सब्जी और गन्ने में मौजूद एक तरह की शक्कर होती है, जो शरीर को ऊर्जा देती है। चीनी के अन्य रूपों में सुक्रोज के साथ-साथ



ग्लूकोज (डेक्सट्रोज) और गैलेक्टोज शामिल है। कुछ फलों में उच्च ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी हो सकता है, खासतौर पर केला, चीकू, आम, सेब और तरबूज में।पोषण विशेषज्ञ और फिजियोलॉजिस्ट रितेश बावरी कहते हैं, 'फ्रक्टोज का असर चीनी से अलग होता है। फ्रूटोज ग्लूकोज की तुलना में धीमी गति से अवशोषित होता है। इसे कोशिका में प्रवेश करने के लिए इंसुलिन की जरूरत नहीं पड़ती है। इसकी वजह है कि यह तेजी से फ्रक्टोज-1 फॉस्फेट में टूट जाता है।'बावरी यह भी कहते हैं, 'मधुमेह रोगियों को पूरी तरह से फ्रक्टोज नहीं छोड़ना चाहिए। यह मधुमेह के लिए सुरक्षित है।' पोषण विशेषज्ञ और खाद्य सलाहकार ने कहा, 'रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित या अनियंत्रित करने के आधार पर डॉक्टर कुछ निश्चित फ्रक्टोज सेवन की सिफारिश करते हैं।टाइप 2 डायबिटीज के रोगी अपने इंसुलिन के स्तर को कम करने के लिए फ्रक्टोज का उपयोग कर सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि उन्हें कार्बोहाइड्रेट की आहार संबंधी जरूरतें मिलें।'

## सिद्धार्थ ने मरजावां की शूटिंग शुरू की

अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने आगामी फिल्म मरजावां की शूटिंग शुरू कर दी है। सिद्धार्थ ने शुक्रवार को आगामी



फिल्म की एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। इसमें उन्होंने सभी धर्मो- हिंदू, सिख, इस्लाम और ईसाई धर्म के टैटू बनवाए हुए हैं।

तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, इश्क और इंतकाम का कोई मजहब नहीं, कोई एक रब नहीं, मरजावां की शूटिंग आज से शुरू हुई। फिल्मकार मिलाप झवेरी ने भी सिद्धार्थ की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, शक्ति, जुनून, प्यार (प्यार)! मरजावां की पहली झलकी।

मरजावां 2 अक्टूबर, 2019 को रिलीज होगी। फिल्म में रितेश देशमुख, रकुल प्रीत सिंह और तारा सुतारिया जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म के साथ झवेरी, रितेश और सिद्धार्थ चार वर्ष बाद साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले तीनों ने एक विलेन में साथ काम किया था।

### एबीसीडी 3 के लिये वरूण ने मांगी 21 करोड़ की फीस!

बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरूण धवन ने अपनी आने वाली फिल्म



एबीसीडी 3 के लिये 21 करोड़ की फीस मांगी है। बॉलीवुड निर्देशक रेमो डिसूजा एबीसीडी का तीसरा संस्करण बनाने जा रहे हैं। फिल्म में वरूण धवन और कैटरीना कैफ की अहम भूमिका होगी। बताया जा रहा है कि वरूण ने एबीसीडी 3 के लिये 21 करोड़ रूपये की फीस मांगी है। यह फिल्म 3डी में शूट होगी। इस फिल्म में कैटरीना कैफ एक पाकिस्तानी डांसर की भूमिका निभा रही हैं।

### वेब सीरीज में काम करना चाहती है करीना

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर वेब सीरीज में काम करना चाहती है। करीना



वेब सीरीज में काम करने के लिए तैयार हैं। करीना ने इसके लिये एक शर्त रखी है। करीना का कहना है कि वह वेब सीरीज में तभी काम करेंगी। यदि वह प्रोजेक्ट उनके पति सैफ अली खान की वेब सीरीज सेक्रेड गेम्स की तरह बेहतरीन हुआ। करीना से जब पूछा गया कि क्या वह वेब सीरीज में काम करना चाहती हैं। करीना ने सवाल के जवाब में कहा कि यदि कंटेट सेक्रेड गेम्स की तरह अद्भुत है। मैं जरूर काम करूंगी। करीना ने सेक्रेड गेम्स की प्रशंसा करते हुए इसके कंटेट के लिए इसे पाथ ब्रेकिंग शो करार दिया।